अमर उजाला 21/10/2024

जीएमएन कॉलेज के नाम हुई रनर अप ट्रॉफी

अंबाला। एसडी कॉलेज में आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल के तीसरे दिन जीएमएन कॉलेज के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार हासिल किए। इस फेस्टिवल का रविवार को अंतिम दिन था। कॉलेज के छात्रों ने हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा, ऑन-द-स्पॉट फोटोग्राफी और वक्तृत्व कला (एलोक्यूशन) जैसी तीन प्रमुख गतिविधियों में हिस्सा लिया।

छात्रों ने प्रथम दिन लाइट वोकल इंडियन और लोक सॉन्ग जनरल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार संस्कृत ड्रामा में कॉलेज को तृतीय स्थान, फोक सॉन्ग हरियाणवी, रिचुअल, हिंदी प्ले, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट प्रक्शन सोलो, हरियाणवी आर्केस्ट्रा में द्वितीय स्थान हासिल किया।जीएमएन कॉलेज को अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए रनर अप की ट्रॉफी से नवाजा गया। संवाद